कॉलेज चलो अभियान

2023-24

प्रतिवेदन

मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हरदा सहित जिले के समस्त शासकीय अशासकीय अनुदान प्राप्त एवं अशासकीय महाविद्यालयों द्वारा दिनाक २२/०३/२०२३ से ३०/०३/२०२२ तक कॉलेज चलो अभियान चलाया गया | जिसके अंतर्गत महाविद्यालयों में प्राचार्य के नेतृत्व में 'बैठक का आयोजन किया गया। बैठक मे प्राचार्यो के निर्देशन में विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों को कॉलेज जाने हेतु प्रेरित करने के लिए प्राध्यापकों के दलों का गठन किया गया। दलों के द्वारा हरदा जिले के विभिन्न शासकीय एवम अशासकीय विद्यालयों में जाकर नई शिक्षा नीति 2020 की विस्तृत जानकारी दी गयी । साथ ही महाविद्यालय में प्रवेश के लिए कालेज चलो अभियान अंतर्गत नियमो की जानकारी,शासन की योजनाओं एवं पाठ्यक्रम की जानकारी दी गयी । इसी तारतम्य मे स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय से डॉ सावेंद्र पटेल, श्रीमती भावना अग्रवाल, श्री के एल मालवीय ,अंशुल जोशी ने शासकीय कन्या उ मा वि हरदा एवं शासकीय महात्मा गांधी उमा विद्यालय हरदा , स्वामी विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरदा ,एवं सन फ्लावर स्कूल में जाकर के प्राचार्य , शिक्षकों एवम विद्यार्थियों से संपर्क स्थापित किया तथा उन्होने महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं एवं उच्च शिक्षा विभाग की प्रोत्साहन योजनाओ, केंद्रीय योजनाओ, अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग विभाग आदि द्वारा संचालित छात्रवृत्ति की जानकारी आदि के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी |

डॉ. संगीता बिले
प्राचार्य

डॉ. रश्मि सिंह
प्रभारी
कॉलेज चलो अभियान

Scanned with OKEN Scanner